Title: Need to announce a financial package for the State of Chhattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान नए राज्य छत्तीसगढ़ की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मध्य प्रदेश राज्य से एक नए राज्य छत्तीसगढ़ का गठन किया गया था। वहां के 90 विधायकों में 34 अनुसूचित जाति के और नौ अनुसूचित जनजाति के हैं। उस क्षेत्र के गठन के लिए केन्द्र सरकार ने नया राज्य इसलिए बनाया ताकि छत्तीसगढ़ के एरिया के पिछड़े हुए लोगों का विकास हो सके। किंतु राज्य में विकास के कार्य नगण्य है। सरकार फिजूलखर्ची में लगी हुई है। हैलीकाप्टर पर घूमने, अधिकारियों-कर्मचारियों की सेवा, गाड़ियों के बंदोबस्त में ही अधिकतर पैसा खर्च कर रही है। राज्य की संचित निधि से कोई खर्च नहीं करना चाहती। केन्द्र सरकार द्वारा पैसा देने से ही कुछ विकास वहां हो रहा है। इसलिए मैं मांग करना चाहता हूं कि वहां जो अकाल पड़ा हुआ है, उससे निपटने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति तथा अन्य वर्गों के विकास के लिए 300 करोड़ रुपए का पैकेज देने की घोाणा करे।